# स्पेन भेजने के नाम पर राजौंद के युवक को ईरान में बनाया बंधक

## 13 लाख ठगे, चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राजौंद के युवक से स्पेन भेजने के नाम पर ईरान में बंधक बनाकर मारपीट कर रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। बाद में उसके परिवार से करीब 13 लाख रुपये फिरौती की रकम हड़प गए। पीड़ित ने राजौंद थाना में शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने राजौंद थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली। पुलिस को दी शिकायत में पूंडरी रोड राजौंद निवासी अंकित ने बताया कि वह अर्मेनिया देश में अक्तूबर 2023 में गया था व वहां से सितंबर 2024 में वापिस अपने देश आ गया था । जब वह अर्मेनिया गया हुआ था। वहां पर उसकी जानकारी मोहन प्रताप सिंह निवासी समलाना जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश के साथ हुई थी। इसके बाद मोहन ने अपने किसी जानकार के माध्यम से उसका व खुद का मॉरीशस का वीजा लगवा लिया था और मार्च 2025 में वे दोनों विदेश मॉरीशस चले गए, लेकिन वहां से मोहन प्रताप सिंह को एयरपोर्ट से डिपोर्ट कर दिया था । उसके बाद उसकी उससे फोन पर बात होती रहती थी । वह 16 अगस्त को मॉरीशस से वापस इंडिया आ गया । इसके बाद 17 अगस्त को दिल्ली आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन पर वह व उसका रिश्तेदार सुधीर राणा विदेश जाने के लिए मोहन प्रताप से मिले। मोहन प्रताप सिंह ने उसकी बात अपने फोन से उसके जानकार एजेंट प्रिंस निवासी नया गांव जिला सहारनपुर से करवाई।



### 17 लाख रुपये में स्पेन जाने की डील पक्की हुई

शिकायतकर्ता ने बताया कि 17 लाख रुपये में स्पेन जाने की डील एजेंट व मोहन प्रताप के साथ पक्की हो गई। उसने प्रिंस के कहने पर अपने फाइल चार्ज के 50 हजार रुपये नकद मोहन प्रताप सिंह को दे दिये और उसके सारे कागजात आरोपियों के व्हाट्सएप नम्बर पर भेजे दिए। 23 अगस्त को मोहन प्रताप सिंह ने उसे व सुधीर राणा को दिल्ली एम्स अस्पताल के पास ग्रीनपार्क में बुलाया । जहां वे पहुंच गए। अपनी तीनों व्यक्तियों की कल की टिकट है। उसके कहे अनुसार उन्होंने होटल में कमरा ले लिया। फिर अगले दिन हमारी टिकट नहीं आई ।

### आरोपियों को जल्द काबू कर लिया जाएगा

पुलिस ने आरोपी कुलदीप सिंह, प्रिंस, मोसा व मोहन प्रताप सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।
-डीएसपी ललित सिंह

### एक सितंबर को आई टिकट

शिकायत करने वाले ने बताया कि एक सितंबर को उसके व्हाट्सएप नंबर पर अनाज कॉल आई और कहा कि वह कुलदीप उर्फ केडी बोल रहा है। उसने ग्रुप कॉल करके मिट्ठू से बात करवाई। मिट्ठू ने बताया कि आज आप सबकी टिकट हो जाएगी । चार सितंबर के लिए जयपुर से तेहरान की टिकट उसके फोन पर आ गई । इसके बाद वे दिल्ली से जयपुर चले गये। जहां से हम जयपुर एयरपोर्ट से तेहरान चले गये । जहां पर एक होटल में रहने का इंतजाम किया गया। जहां पर हम चार दिन रुके ।

## खबर संक्षेप



फतेहाबाद। चोरीशुदा मोटरसाइकिलों सहित पकड़े गए चारों युवक।

### बाइक चोरी गिरोह का पर्दाफाश, 4 युवक काबू

**फतेहाबाद।** मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए जाखल पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरीशुदा 10 मोटरसाइकिल भी बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से 10 चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद किए गए हैं। अन्य चोरी की वारदातों में संलिप्तता को लेकर भी पूछताछ की जा रही है।

### शताब्दी ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**गन्नौर।** अगवानपुर फाटक के निकट सोमवार को चंडीगढ़ से दिल्ली की तरफ जा रही शताब्दी ट्रेन की चपेट में आने से एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर गन्नौर जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त के प्रयास में जुट गए, लेकिन शव के पास कोई दस्तावेज न मिलने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई।

### पानी गर्म करने के दौरान करंट से महिला की मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर-56 थाना के अंतर्गत घाटा गांव में रविवार की शाम को घर पर रॉड से पानी गर्म करते समय करंट लगने से महिला की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में पहुंचाया। पुलिस की छानबीन में कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है।

### पेट्रोल छिड़ककर कार में लगाई आग

**गुरुग्राम।** सोहना एरिया केक दौहला गांव में देर रात अज्ञात युवक ने चौपाल पर खड़ी ग्रैंड विटारा कार में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार मालिक रविंद्र ने अपनी ग्रैंड विटारा कार रात में घर के पास चौपाल पर खड़ी की थी। रात करीब दो बजे पड़ोसियों ने उन्हें कार में आग लगने की सूचना दी। रविंद्र तुरंत मौके पर पहुंचे, जहां गांव के अन्य लोग भी मौजूद थे। वहीं फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचित किया गया।

### डेबिट कार्ड बदलकर डेढ़ लाख निकाले

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में जालसाज ने डेबिट कार्ड बदलकर एक व्यक्ति के अकाउंट से डेढ़ लाख रुपए निकाल लिए। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। गांव ताजपुर स्थित पीपल कॉलोनी निवासी कंचन गुप्ता ने बताया कि 20 अक्टूबर को वह अपने पिता नंद किशोर का डेबिट कार्ड लेकर जमालपुर चौक स्थित एटीएम बूथ पर गए थे।

## छात्राओं ने पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप, धरने पर खापों की इंट्री

# नर्सिंग छात्राओं व कॉलेज का विवाद गहराया, तीन दिन का अल्टीमेटम

### समझौते के बाद फिर हुआ कॉलेज में विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

नारनौंद क्षेत्र के एक नर्सिंग कॉलेज का विवाद गरमा गया। सोमवार की सुबह जब कॉलेज की छात्राएं कॉलेज से बाहर आ रही थी तो महिला पुलिसकर्मियों ने उनको रोकना चाहा तो उनमें बहस हो गई और बात धक्का मुक्की तक पहुंच गई। कॉलेज की छात्राओं के साथ मारपीट का भी आरोप है। छात्राओं ने वहां से अलग-अलग गांव में जाकर अपना बचाव किया और ग्रामीणों के साथ वापस कॉलेज में पहुंची। गेट के बाहर धरना लगा दिया। किसान नेता पहुंचे और उन्होंने प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर कॉलेज का अध्यक्ष गिरफ्तार नहीं हुआ तो एसडीएम और एसपी ऑफिस का घेराव किया जाएगा। जब तक धरना जारी रहेगा। धरने पर विधायक जस्सी पेटवाड़, इनेलो नेता उमेद लोहान, किसान नेता सुरेश कोथ, सतरोल खाप प्रधान संदीप खरब, हरकेश ढांडा, धर्मपाल बडाला, हर्ष पेटवाड़, अमित सिवाच भी लड़कियों के समर्थन में पहुंचे। इस दौरान भारी पुलिस बल की तैनाती की गई।



नारनौंद। ग्रामीणों से बातचीत करते हुए एसडीएम विकास यादव। फोटो : हरिभूमि

### छात्राएं कॉलेज संचालक की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ी

डीएसपी देवेंद्र नैन व एसडीएम विकास यादव ने छात्राओं की मांग पर उनके हिरासत में लिए गए दोनों स्वजनों को छोड़ दिया। जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया और माइग्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है लेकिन धरना दे रहे लोग कॉलेज संचालक की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। किसान नेता सुरेश कोथ ने पुलिस प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम देत हुए कहा अगर इस समय अवधि में चेयरमैन गिरफ्तार नहीं हुआ तो एसडीएम और एसपी ऑफिस का घेराव किया जाएगा।

### देर रात बनी थी सहमति, सुबह बिगड़ी बात

नर्सिंग कॉलेज विवाद में देर रात प्रशासन के अधिकारियों और छात्राओं में तीनों मांगों को लेकर सहमति बन गई थी और देर रात धरने को समाप्त कर दिया गया। कॉलेज में प्रशासन अपना एडमिनिस्टर नियुक्त करेगा, कॉलेज के चेयरमैन के खिलाफ मामला दर्ज कर किया गया ओर जो छात्राएं यहां से माइग्रेशन करवाना चाहती हैं उनके लिए भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी लेकिन सोमवार की सुबह जब कॉलेज की छात्राओं से मिलने के उनके परिजन आए तो पुलिस ने पूछताछ की तो लड़कियों में पुलिस के प्रति गुस्सा फूट गया और आपस में बहस हो गई।

### चेयरमैन सहित तीन पर केस दर्ज

डीएसपी देवेंद्र नैन बताया कि छात्राओं की शिकायत पर चेयरमैन, उसके बेटे ओर पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। छात्राओं को जांच शामिल कर बयान दर्ज किए जाएंगे। किसी भी औरत आरोपित को छोड़ा नहीं जाएगा।

### डायरेक्टर के खिलाफ हो कार्रवाई: अभय चौटाला

इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला ने छात्राओं द्वारा कॉलेज के डायरेक्टर पर यौन उत्पीड़न मामले पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। कहा कि आरोपी को गिरफ्तार करने के बजाय बच्चियों पर लाठीचार्ज करवाया जा रहा।

## दिल दहला देने वाली वारदात से बेटियां हुई अनाथ

# हांसी में पत्नी की हत्या कर पति ने लगाया फंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

बरवाला रोड स्थित भाटला गांव में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। जहां एक युवक ने आपसी विवाद के चलते अपनी पत्नी की तेजधार हथियार से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद स्वयं ने पशुओं के बाड़े में जाकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह जब काफी देर तक घर में कोई हलचल नहीं हुई तो पड़ोसियों को शक हुआ और उन्होंने घर में झांक कर देखा तो सामने फर्श पर महिला पड़ी हुई दिखाई दी। सूचना मिलने पर डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई, सदर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुमेर सिंह व भाटला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस को महिला का शव जमीन पर, जबकि युवक का शव फंदे पर लटका मिला।



मृतक राकेश



हांसी। घटनास्थल पर मामले की जांच करती पुलिस व फोरेंसिक टीम।

### झगड़े में कदम उठाया

डीएसपी सिद्धार्थ ने बताया कि किसी बात को लेकर पति और पत्नी के बीच आपस में झगड़ा रहता था। इसके चलते राकेश ने यह कदम उठाया है।

मृतकों की पहचान 30 वर्षीय राकेश व उसकी पत्नी 28 वर्षीय सीमा के रूप में हुई है। पुलिस की फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करने के उपरांत शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया गया। वहीं राकेश द्वारा अपनी पत्नी की हत्या कर स्वयं फंदा लगाकर आत्महत्या किए जाने के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई। मृतक राकेश कोल्ड ड्रिंक्स की फैक्ट्री में काम करता था।

## रेवाड़ी में दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे पर हादसा

# ट्रक ने ईको को मारी टक्कर, दो दोस्तों की मौत, दो अन्य घायल

### उल्टी दिशा में ट्रक लाने के कारण हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे पर चांदूवास फ्लाईओवर के पास सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कार सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रक चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। कालाका निवासी 30 वर्षीय पवन, 25 वर्षीय प्रवीन, 30 वर्षीय विक्रम व पवन का भांजा कपिल सोमवार को सुबह के समय राजस्थान के खाटूश्याम धाम जाने के लिए ईको कार से निकले थे। जब कार चांदूवास फ्लाईओवर के पास पहुंची, तो सामने से विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चोरों युवक कार में फंस गए। आसपास के लोगों ने चारों को कार से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पवन व प्रवीन को मृत घोषित कर दिया। विक्रम व कपिल की हालत गंभीर बताई जा रही थी। उसे बाद में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन उसे जयपुर के एक अस्पताल ले गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची बावल थाना पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू कर दी।



रेवाड़ी। चांदूवास फ्लाईओवर के पास क्षतिग्रस्त ईको गाड़ी।

### कालाका गांव में शोक की लहर

सड़क हादसे में गांव के दो युवकों की मौत की खबर सुनकर कालाका में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। पोस्टमार्टम के बाद दोनों दोस्तों का अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में कर दिया गया। गांव के कई घरों में चूल्हा तक नहीं जलाया गया।

## एचटेट परीक्षा: 4 जनवरी तक आवेदन करना सुनिश्चित करें अभ्यर्थी

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाए जाने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट)-2025 का निर्विघ्न, सुव्यवस्थित संचालन करने, विश्वसनीयता व पवित्रता बरकरार रखने के लिए शिक्षा बोर्ड द्वारा अभूतपूर्व प्रबंध किए जा रहे हैं। इस संदर्भ में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार ने बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2025 (एचटेट) लेवल-1, 2 व 3 के लिए आवेदन 24 दिसम्बर, 2025 से लाइव कर दिए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक के माध्यम से महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यान से पढ़कर समझकर 4 जनवरी, 2026 (रात्रि 12:00 बजे) तक ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें।

**सोशल मीडिया पर फैली भ्रामक खबरों से बनाएं दूरी**

## नूंह: ज्वेलरी शॉप में चोरी का मामला

# 6 टीमें गठित, 24 घंटे बाद भी बदमाशों का सुराग नहीं

### छह नकाबपोश बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम सीसीटीवी सामने आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

जिले के पिनगवां कस्बे में शनिवार रविवार की दरमियानी रात हुई ज्वेलरी शॉप लूट की वारदात के 24 घंटे बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली हैं। नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने मुख्य बाजार स्थित नत्थीलाल हरिओम सोनी ज्वेलर्स मैसर्स हरिओम ज्वेलर्स से करीब एक करोड़ रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लूटकर फरार हो गए। हालांकि, पीड़ित व्यापारी और अन्य ज्वेलर्स पुलिस की त्वरित कार्रवाई और आश्वासन से पूरी तरह संतुष्ट हैं। इस वारदात को सुलझाने के उद्देश्य से जिला पुलिस की ओर से 6 टीमों का गठन किया गया है। बता दें कि वारदात रविवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे हुई। छह नकाबपोश बदमाशों ने पहले दुकान के बाहरी ताले तोड़े, फिर लोहे की रॉड से शटर उखाड़ा और आधा शटर उठाकर अंदर घुस गए। सभी हथियारों से लैस थे। उन्होंने पोटली और बैग में भारी मात्रा में सोने चांदी के आभूषण भरकर ले गए। पीड़ित व्यापारियों के अनुसार लूट की कीमत करोड़ों रुपये है, जबकि पुलिस के प्रारंभिक अनुमान में यह करीब 30 लाख रुपये बताई जा रही है, लेकिन सटीक आकलन अभी बाकी है। डीएसपी जितेंद्र राणा मौके पर पहुंचे और फिर देर शाम पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित व्यापारी से मुलाकात की, घटनास्थल का करीब एक घंटे तक बारीकी से निरीक्षण किया।

### परिजनों से मारपीट कर युवती का किया अपहरण, 22 पर केस

**जींद।** पिल्लूखेड़ा में घर में घुस कर परिजनों के साथ मारपीट कर युवती का अपहरण करने का मामला सामने आया है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर दो युवकों को नामजद कर बीस अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिल्लूखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी ने गत अक्टूबर मे घर से भाग कर कैथल निवासी लविश के साथ शादी कर ली थी। जिस पर उन्होंने पुलिस मे शिकायत दर्ज करवाई थी। उसकी बेटी ने कोर्ट में बयान उनके हक में दिए थे। जिसके बाद से उसकी बेटी उनके साथ रह रही थी। गत दिवस शाम को लविश, अक्षय तथा बीस अन्य उनके घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद आरोपित उसकी बेटी को जबरन अपने साथ ले गए। पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर लविश, अक्षय को नामजद कर बीस अन्य के खिलाफ मारपीट करने, अपहरण करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




हरियाणा सरकार

अनुसूचित जाति के किसानों के लिए ट्रैक्टर खरीद पर अनुदान हेतु आवेदन आमंत्रित

45 HP या अधिक की क्षमता के नए ट्रैक्टर की खरीद पर सरकार दे रही है 3,00,000 रुपये तक का अनुदान।

लाभार्थियों का चयन जिला स्तर पर गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा किया जाएगा।

चयनित किसान विभागीय पोर्टल पर पंजीकृत अपनी पसंद के निर्माता से मोलभाव करके ट्रैक्टर खरीद सकता है।

ऑनलाइन आवेदन की तिथि
27-12-2025 से 15-01-2026

इच्छुक किसान ऑनलाइन आवेदन करें: www.agriharyana.gov.in

अथवा अधिक जानकारी के लिए
अपने जिले के उप-निदेशक कृषि या सहायक कृषि अभियंता के कार्यालय में संपर्क करें।

टोल-फ्री नंबर: 1800-180-2117

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
www.agriharyana.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

